केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002.
**CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION**
*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*
**"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.**

**के.मा.शि.बो./शै./अ.नि.(अ.एवं न.)/2015** **परिपत्र संख्या. शैक्षणिक-43/2015**

**दिनांक :29 जुलाई, 2015**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय: के.मा.शि.बो. भारतीय विरासत क्विज़ 2015**

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से वर्ष भर चलने वाली के.मा.शि.बो. भारतीय विरासत क्विज़ का उद्देश्य विद्यार्थियों की इस पीढ़ी को संस्कृति और विरासत के बीच अन्तरसम्बन्धों की जानकारी देना तथा आधुनिकता के साथ-साथ दीर्घजीवी सामाजिक-आर्थिक विकास की आवश्यकता बताना है। गत वर्ष के परिपत्र सं.शैक्षणिक-23/2014 को जारी रखते हुए भारतीय विरासत क्विज़ (प्रश्नोतरी) में 25% प्रश्न भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों की सांस्कृतिक प्रथाओं और विरासत पर आधारित होंगे। अपेक्षा है कि अखिल भारतीय क्विज़ पूरे देश के विद्यार्थियों तक पहुंचेगी और उन्हें देश की समृद्ध संस्कृतिक विविधता बहुलता के प्रति संरक्षण और प्रबन्धन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करेगी। अत: बोर्ड सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश देता है कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक प्रतिभागिता को सुनिश्चित किया जाए।

**प्रतियोगिता की कार्यविधि**

**पहला चरण: नगर स्तर -** सितम्बर के प्रथम सप्ताह से अक्टूबर के मध्य तक
**दूसरा चरण: क्षेत्रीय स्तर** – नवम्बर के मध्य से दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक
**तीसरा चरण: राष्ट्रीय सेमी फाइनल और फाइनल** – दिसम्बर के मध्य में

**नोट: शहरों (प्रतियोगिता स्थलों) का चयन पंजीकरण के बाद किया जाएगा तथा प्रतियोगिता तिथि की सूचना बाद में दी जाएगी।**

**पहला चरण: नगर स्तर** – नगर स्तर की प्रतियोगिता को प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और प्रत्येक क्षेत्र के प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर एक, दो, तीन, या छ: शहरों में बांट दिया जाएगा। प्रतियोगिता को के.मा.शि.बो. क्षेत्रों के अनुसार अधिक से अधिक 6 नगरों एवं कम से कम एक नगर में किया जाएगा।

**1.1** **क्विज़ प्रतियोगिता** अनुमानत: सितम्बर के प्रथम सप्ताह से लेकर नवम्बर के मध्य तक करवाई जाएगी। यह एक दिवसीय कार्यक्रम होगा जिसमें दो चक्र होंगे। प्रत्येक विद्यालय से तीन प्रतियोगी भाग ले सकेंगे जो IX से XII कक्षा से चुने जा सकते हैं।

- **पहला चक्र: लिखित परीक्षा:** पावर पवाइन्ट आधारित लिखित क्विज़ होगी जिसमें 25 मिनट के समय में 30 प्रश्नों का उत्तर देना होगा, जिसके लिए एक विद्यालय से आई पूरी टीम मिल कर उत्तर देने का प्रयास करेगी। इसका मूल्यांकन साथ-साथ होगा और परिणाम मौके पर ही घोषित कर दिए जाएंगे। प्रथम छ: टीमें अगले चक्र में भाग लेने योग्य होंगी।
- **दूसरा चक्र: मंच पर:** यह चक्र 60 से 75 मिनट की अवधि का होगा जिसमें मंच पर ही मौखिक, ऑडियो और विडियो प्रश्न होंगे, जिसमे पहले चक्र के विजेता भाग लेंगे। यह चक्र उसी स्थल पर पहले चक्र के तुरन्त बाद होगा।

**1.2** प्रत्येक समूह से एक विजेता क्षेत्रीय फाइनल्स के लिए योग्य होगा और वहां अधिकतम 6 टीमें भाग लेंगी।

**दूसरा चरण: क्षेत्रीय स्तर:**

2.1 यह चरण नवम्बर के मध्य से दिसम्बर के प्रथम सप्ताह तक होगा। प्रत्येक क्षेत्र की श्रेष्ठ 6 टीमें क्षेत्रीय फाइनल में रखी जाऐंगी तथा क्षेत्रीय फाइनल उसी स्कूल में होगी जहां नगर स्तर की प्रतियोगिता हुई थी। यह चक्र मंचीय कार्यक्रम होगा जिसमें मौखिक, ऑडियो और वीडियो प्रश्न होंगे। प्रत्येक क्षेत्र की श्रेष्ठ दो टीमें **राष्ट्रीय सेमी फाइनल्स** के लिए चयनित होंगी।

2.2 नगर और क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम की सूचना के.मा.शि.बो. की वेबसाइट पर डाली जाएगी ताकि वे अपनी यात्रा, ठहरने और अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु प्रबन्ध कर सकें।

**तीसरा चरण: राष्ट्रीय सेमी फाइनल्स और फाइनल** अनुमानत: यह प्रतियोगिता दिसम्बर के मध्य सप्ताह में आयोजित की जाएगी। 10 प्रतियोगी क्षेत्रों की 20 श्रेष्ठ टीमों को 4-4 टीम के समूह बना कर पांच समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह की विजेता टीम फाइनल के लिए योग्य होगी। सेमी फाइनल और फाइनल दिल्ली में आयोजित होंगे और इसको टेलिविजन पर दिखया जाएगा।

- भाग लेने के इच्छुक स्कूलों को अपना पंजीकरण फार्म और प्रतिभागिता की सूचना 18 अगस्त, 2015 को अथवा उससे पहले जमा करा देनी चाहिए। यह फार्म के.मा.शि.बो. की वेबसाइट www.cbseacademic.in पर उपलब्ध संलग्नक 'A' पंजीकरण फार्म को ऑनलाइन भर कर जमा करवाया जा सकता है जिसमें सम्बद्धता संख्या और स्कूल संख्या भरना अनिवार्य है।
  **नोट:** ऑनलाइन भेजे गए विवरण में किसी प्रकार का कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता।
- विद्यालय से निवेदन है कि ऑनलाइन भेजे गए पंजीकरण फार्म का A-4 शीट पर प्रिंट आऊट ले लें और उसकी एक प्रति 600/- रुपये के डिमांड ड्राफ्ट के साथ, जो सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नाम से बना हो, श्री सन्दीप सेठी, शिक्षा अधिकारी, के.मा.शि.बो., 17-राऊज़ एवेन्यू, नई दिल्ली-110 002 को स्पीड पोस्ट से भेज दें जो 21 अगस्त, 2015 से पहले पहुंच जाना चाहिए। डिमान्ड ड्रफ्ट की पिछली तरफ विद्यालय का नाम, सम्बद्धता संख्या तथा वेबसाइट से प्राप्त पंजीकरण संख्या को एच बी पेन्सिल से लिखना चाहिए।
- ऑनलाइन पंजीकरण पर पंजीकरण शुल्क प्राप्त होने के बाद ही विचार किया जाएगा। ऑनलाइन फार्म भरने की अन्तिम तिथि 16 अगस्त, 2015 है। विद्यालयों से निवेदन है कि अन्तिम क्षणों में विलम्ब से बचने के लिए यथा सम्भव शीघ्र ही पंजीकरण करवा लें।

यह प्रतियोगिता कक्षा IX से कक्षा XII के विद्यार्थियों के लिए है। इच्छुक विद्यालयों से निवेदन है कि वे अपने विद्यालय के तीन विद्यार्थियों को चुन कर उनको प्रायोजित करें जो नगर स्तर पर एक टीम के रूप में भाग लेंगे

- राष्ट्रीय फाइनल में भाग लेने योग्य टीम के तीन विद्यार्थियों और एक प्रभारी अध्यापक को, रिज़र्वेशन के खर्च सहित, द्वितीय क्षेणी का रेल भाड़ा (टिकटों की फोटो कॉपी जमा करने पर) दिया जाएगा।

**प्रतियोगिता के नियम पंजीकरण फार्म में दिए गए हैं**
**विद्यालयों के प्राचार्य यहां क्लिक करके फीड बैक फार्म भर कर प्रेषित कर सकते हैं।**

**सेमी-फाइनल्स और फाइनल में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 'प्रमाण पत्र' प्रदान किया जाता है।**

**विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | | 21,000 रुपये X 1 टीम | 21,000 रुपये |
| द्वितीय पुरस्कार | | 12,000 रुपये X 1 टीम | 12,000 रुपये |
| तृतीय पुरस्कार | | 7,500 रुपये X 1 टीम | 7,500 रुपये |
| चतुर्थ पुरस्कार | | 4,500 रुपये X 1 टीम | 4,500 रुपये |
| द्वितीय स्थान | (सेमी फाइनल) | 3,000 रुपये X 4 टीम | 12,000 रुपये |
| तृतीय स्थान | (सेमी फाइनल) | 1,500 रुपये X 4 टीम | 6,000 रुपये |
| चतुर्थ स्थान | (सेमी फाइनल) | 1,000 रुपये X 4 टीम | 4,000 रुपये |

अधिक जानकारी के लिए श्री सन्दीप सेठी, शिक्षा अधिकारी से दूरभाष सं.011-23217128 अथवा ई-मेल eo_ss@cbseacademic.in से संपर्क करें और उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें

अद्यतन जानकारी के लिए के.मा.शि.बो. की वेबसाइट www.cbseacademic.in को देखें

**हस्ताक्षरित/-**

**सुगंध शर्मा**
**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**Annexure A**

**15th HERITAGE QUIZ-2015**
**REGISTRATION FORM**

**REGION**

Affiliation No:……………………………………………………………………………………………

School No:………………………………………………………………………………………………

Name of the School:……………………………………………………………………...……………

Name of the Principal:……………………………………………………………………………………

Complete School Address:……………………………………………………………………………….

Email Id: :…………………………………………………………………………………………………

Telephone No. :…………………………………………………………………………..……………

Mobile No. (Principal):……………………………………………………………………..…………

Demand draft of Rs. 600/- Number……………………… ……Dated………………………...…………

Drawn on:………………………………….. Bank, City………………………………………………

We have understood the rules and regulations of this event and would like to participate in the right spirit

**(Stamp with Signature of Principal)**

**Dated:…………………………………**

**Rules and Regulations:**

1. Any student from class IX to XII can participate
2. There will be three students participating from each school in City Chapter.
3. Schools are requested to register and submit required fees before 18 Aug., 2015.
4. The online registration window will be opened from 28th July, 2015 to 18th Aug., 2015.
5. The 6 teams qualifying the City Chapter will be placed directly in the Regional Chapter.
6. The National Semi Finals will witness two teams each from across the 10 competing region. The 20 teams will be divided into 5 groups of 4 teams each.
7. The Semifinals and Finals will be held in Delhi in a televised format.
8. All the students participating will be given a participating Certificate and winners will be also given cash prizes.
9. Videography of the rounds should be done to avoid any confusion later.
10. The Audio/Video system should be properly installed.
11. Provision for independent observers should be made.
12. The audience should be drawn from different schools.
13. The venue for the rounds should be in neutral schools.